1. प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्र ध्वज और राष्ट्र गान का आदर करें.

प्रत गिरव्हल
22/07/2020
कारनिशी लेखनिक
खेरवाडी विभाग, बांद्रा मुं.

Scanned with CamScanner

2. स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करनेवाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे.
3. भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे.
4. देश की रक्षा करे.
5. भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे.
6. हमारी सामाजिक संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्व समझे और उसका निर्माण करे.
7. प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और उसका संवर्धन करे.
8. वैज्ञानिक दृष्टिकोण और ज्ञानार्जन की भावना का विकास करे.
9. सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखे.
10. व्यक्तिगत एवं सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे.
11. माता-पिता या संरक्षक द्वार 6 से 14 वर्ष के बच्चों हेतु प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना (86वां संशोधन).

जिनका पालन मैं लगातार करता चला आ रहा हूँ, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना हमारी ड्यूटी है, जिसकी वजह से मैंने व मेरे परिवार ने हमेशा सार्वजनिक संपत्ति पर असंवेधानिक तरीके से अवेध कब्जा करने वाले सभी असामाजिक तत्वों, भू-माफियाओं या भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ आवाज उठाई है और इसके लिए मैंने कभी भी सीधे तकरार करने की अपेक्षा कानूनी सुविधा 100 का इस्तेमाल किया है, जिसके संपूर्ण सबूत मेरे पास मौजूद है, मेरे द्वारा किये जा रहे अवेध कब्जे को रोकने की वजह से भू-माफियओं के गुण्डे मेरे दुश्मन बन गए है, और यह सर्वविदित है, कि गरीब के निर्दोष होने के बावजूद उसके सबूतों को देखने के बावजूद उसकी कोई नहीं सुनता, जबकि भू-माफियाओं व बाहुबलियों के पास कोई भी सबूत न होने के बावजूद उनकी झूठी शिकायत पर भी घातक गंभीर शिकायतों पर बिना जाँच-पड़ताल के तुरंत FIR दर्ज कर दी जाती है, मेरे व मेरे परिवार के साथ भी यही हो रहा है, एक भी सबूत न होने के बावजूद हम लोगों के खिलाफ झूठी शिकायत पर तुरंत FIR दर्ज हो रही है, जबकि सबूत दिए जाने के बावजूद गुनहगारों पर कोई भी FIR दर्ज नहीं की जा रही, उदाहरण के रूप में एक सबूत के बारे में बताता हूं, MMRDA ने ओमकार बिल्डर को स्टॉम्प पेपर पर एक रेन्ट का एक एग्रीमेंट बनाकर दिया है, जिसमें न तो तारीख डाली गई है, न ही हस्ताक्षर हुए है, और यह

संवेधानिक नियम है कि एक स्टॉम्प पेपर ईसू किए जाने के बाद छः महीने के अन्दर उपयोग किया जाना चाहिये, लेकिन डेढ़ वर्ष बीतने के बाद भी उस स्टॉम्प पेपर में लिखे नियमों के अनुसार ओमकार बिल्डर को सुविधा प्राप्त हो रही है जो कि गैर-संवेधानिक है, अगर आप कहते हैं कि जो उपरोक्त स्टॉम्प पेपर का उपयोग छः महिने की समयावधी बीतने के बाद भी किया जाना गैर-संवेधानिक नहीं है, मैं व मेरा परिवार आपके द्वारा दी जाने वाली हर सजा भुगतने के लिए तैयार हूं, इसी प्रकार के बहुत सारे दस्तावेजी सबूत मौजूद है, जिससे बड़े-बड़े भ्रष्ट सरकारी अधिकारी जेल भेजे जा सकते हैं, और इन्हें जेल भिजवाने का काम पुलिस विभाग का है, क्योंकि हमारी क्षमता नहीं है कि हम बड़े-बड़े वकीलों को तगड़ी फीस देकर अदालत के द्वारा भ्रष्ट अधिकारियों को जेल भिजवा सके| यदि आपको लगता है कि मैं झूठ बोल रहा हूं तो आप कभी भी सर्वजनिक रूप से वीडियो केमरे के सामने दस्तावेजी सबूताँ के साथ मुझसे या मेरे प्रतिनिधि के साथ विचार-विमर्श कर सकते हैं, अगर मेरे द्वारा दिए गए सबूतों में से एक भी सबूत झूठा निकला तो आप मुझे व मेरे परिवार सर्वजनिक रुप से जो भी सजा देंगेम हमारा परिवार भुगतने को तैयार है| मैं सामाजिक कार्यकर्ता के साथ-साथ व्हीसिलब्लोअर व क्राइम संवाददाता भी हूँ|

मेरे ऊपर आरोप लगाया गया है कि मैं 1998 से अपराध की दलदल में गले तक डूबा हूं, इसके लिए सिर्फ इतना कहना चाहूंगा कि आज से 22 वर्ष पहले जब मैं 16 वर्ष का था तब मेरे ऊपर एक मामला कलम 324 का दर्ज किया गया जो खत्म हो गया था। मगर फिर भी मेरे द्वारा किए जा रहे अहिंसात्मक अनशन को रोकने के लिए इस मामले को आपके विभाग द्वारा उठाया गया मेरे ऊपर जितने भी अपराधिक मुकदमें दर्ज है उसका मुख्य कारण गलत के खिलाफ आवाज उठाना है, न कि मेरा, आपके अनुसार कथित अपराधी प्रवृति का होना, और जिसके लिए मैं कभी भी सर्वजनिक रुप से वीडियो केमरे के सामने सबूत पेश करने के लिए तैयार हूं| संवेधानिक नियमानुसार आरोप लगाने वाले अधिकारी/विभाग को निर्णय लेने का अधिकार नहीं है, अतः यह मामला सेशन कोर्ट द्वारा स्टे प्राप्त है, गु.र.क्र. 162/14, गु.र.क्र. 278/16, गु.र.क्र. 279/16 से संबंधित (ओमकार बिल्डर) forum Serendipity at BKC sale building के निर्माण के लिए cts नंबर 4207. (SF 4, SF 5) सरकार की लाखों करोड़ों रुपयों की संपत्ति किसी भी हाल में हथियाना चाहता था। कोई रुकावट ना हो सके **इसलिए एमएमआरडीए व पुलिस के भ्रष्ट बेईमान अधिकारियों के जरिए फिर से यह फर्जी मामला दर्ज**

करके हमें फंसाया गया था। यदि अभी भी इस मामले में उचित जांच पड़ताल की जाए तो हम निर्दोष साबित होने के अलावा सरकार को लाखों करोड़ों रुपयों की संपत्ति का फायदा भी होगा। सारे सबूत मौजूद हैं|

B(ii). तुम दिन दहाडे ये सब गुन्हा करते हो, तुम अपने साथियों| तुम अपने साथियों के साथ तुम्हारे परिसर में मनपा के पानी का गैर-कानूनी रुप से लोगों को सप्लाई करके पैसे लिये हैं|

समीक्षा: Housing Development and Infrastructure Limited (HDIL) के मालिक (राकेश वाधवान) और उसके हिस्ट्रीशीटर नामचीन पालतू गुंडे बदमाश व्यक्तियों के खिलाफ मेरी दी गई शिकायतों के अनुसार लाखों करोड़ का घोटाला गंभीर आपराधिक मामले में साबित तकनीकी सबूत व दस्तावेज देखने के बाद संबंधित आरोपियों को बचाने के लिए मनगढ़ंत कहानी के आधार पर साजिश के तहत FIR No. 69/20 दर्ज की गई है। हमारे द्वारा सभी तथ्यों व सबूतों को शिकायतों के साथ दिया गया है जिसकी समीक्षा करके चार्जशीट तुरंत दाखिल की जा सकती है अगर हमारे खिलाफ एक भी सबूत मिलता है तो हम हर सजा भुगतने के लिये तैयार हैं|

B(iii). सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करना, सरकारी काम में अडचन पैदा करना, सरकारी कर्मचारी पर हमला करना, सरकारी नौकर को काम नहीं करने देना

समीक्षा: इस मामले में सेशन कोर्ट द्वारा स्टे प्राप्त है, गु.र.क्र. गु.र.क्र. 278/16, 162/14, गु.र.क्र. 279/16 से संबंधित (ओमकार बिल्डर) forum Serendipity at BKC sale building के निर्माण के लिए cts नंबर 4207. (SF 4, SF 5) सरकार की लाखों करोड़ों रुपयों की संपत्ति किसी भी हाल में हथियाना चाहता था। कोई रुकावट ना हो सके इसलिए एमएमआरडीए व पुलिस के भ्रष्ट बेईमान अधिकारियों के जरिए फिर से यह फर्जी मामला दर्ज करके हमें फंसाया गया था। **<u>यदि अभी भी इस मामले में उचित जांच पड़ताल की जाए तो हम निर्दोष साबित होने के अलावा सरकार को लाखों करोड़ों रुपयों की संपत्ति का फायदा भी होगा।</u> सारे सबूत मौजूद हैं|**

B(iv). आत्महत्या की कोशिश करके डर पैदा करना, लोगों को फँसाने का काम करना, इस प्रकार के सभी गुन्हा आपने किये है|

समीक्षा: मैंने शुरुआत में ही बताया है कि मैं गलत के खिलाफ सबूतों के साथ आवाज उठाता हूं और जब कोई कार्यवाही नहीं होती तो अहिन्सात्मक तरीके से

अनिश्चितकालीन भूख-हड़ताल करते हुए अनशन पर बैठता हूं पहली बार मुझे DCP के कार्यालय में मुझे विषाक्त पदार्थ खाने की आवश्यकता पड़ी, जिसके जिम्मेदार खुद पुलिस अधिकारी है जिसकी व्याख्या मैंने सबूतों के साथ सलग्न शपथ-पत्र के बिन्दू क्र. F (6) (i) (c) में की है, जिससे साबित होता है कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने डी. के. बासू की गाईड-लाईन का उल्लंघन किया था और मुझे मानसिक रूप से काफी प्रताड़ित किया था, और मुझे मजबूर कर दिया था कि मैं विषाक्त पदार्थ खाकर अपनी इहलीला समाप्त कर लूं

B(v). नागरिकों की जान को खतरा तुम्हारी वजह से है लेकिन तुम्हारे डर की वजह से कोई कुछ कहता नहीं है और पुलिस को शिकायत नहीं देता|

समीक्षाः जैसा कि मैं पहले ही ऊपर बता चुका हूँ, कि मैं गलत के खिलाफ आवाज़ उठाता हूँ और प्रत्येक उसी व्यक्ति, गुंडे या भ्रष्ट अधिकारी ने मेरे खिलाफ FIR या शिकायत की है जो मेरे द्वारा सबूतों के साथ की गई शिकायतों से जेल जाने या भारी जुर्माने की सजा के हकदार हैं| उनके पास आर्थिक पूँजी की ताकत है और मेरे पास सच्चाई की| हर सामाजिक कार्यकर्ता मानवतावादी या गलत के खिलाफ आवाज़ उठानेवाला मेरे साथ है और हम लोगों से आम नागरिक कभी नहीं डरते बल्कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिये हमारे पास आते हैं और सामाजिक संस्थायें भी वे लोग जो मुझे व मेरी ईमानदारी को जानते हैं वे भी किसी भी पीड़ीत व्यक्ति को उसकी समस्या के समाधान के लिये मेरे पास भेजते हैं| आप चाहें तो मेरा व मेरे परिवार का साथ देनेवाले अन्य सामाजिक संस्थाओं व मेरी पहचान वाले सम्मानीय नागरिकों का "कि वे मेरी ईमानदारी के प्रति आश्वस्त है" का पत्र दे सकता हूँ| उदाहरण के रूप में डी.सी.पी. व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त को दिया गया वह शिकायत-पत्र देखिये जिसमें क्षेत्र के व सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों ने हस्ताक्षर किये हैं और जिसे मेरे द्वारा उठाये गये मामले की तरफ से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दिया गया था| अतः लगाया गया उपरोक्त आरोप बिल्कुल झूठा है, कोई भी आम नागरिक मुझसे नहीं घबराता है बल्कि मुझसे मदद लेता है|

B(vi). शांतिप्रिय नागरिक भय के माहौल में जी रहे हैं, तुम्हारे विरुद्ध विश्वसनीय कारण है कि तुम और तुम्हारे साथी IPC 16, 17 व 22 के तहत शरीर के विरुद्ध और संपत्ति संबंधित गुन्हा कर रहे हो और यह लगातार जारी है इसलिये तुम व तुम्हारे साथी परिसर में रहते हुये यही सब करते रहेंगे, हमें यही उम्मीद है|

समीक्षाः इसी जवाब के बिंदु क्र. 2.B(i). में विस्तृत रूप में जानकारी दी गई है कि मैं एक सामाजिक कार्यकर्ता हूँ और कानून का पालन करता हूँ अतः जो भी मामले मेरे

ऊपर दर्ज हैं उसके बारे में भी मैंने विस्तृत रुप से जवाबी पत्र में जवाब दिया है| और यह कहा कि, हमारी वजह से रहिवासियों में असुरक्षा की भावना बन रही है तो यह कहना बिल्कुल गलत है मेरे सामाजिक कार्यकर्ता होने की वजह से हरेक पीड़ित नागरिक मेरे पास मदद मांगने के लिये आता है और मदद व्यक्ति मांगने आता है जिसे मदद देने वाले पर भरोसा हो| अतः मेरे ऊपर लगाये जाने वाला आरोप झूठा व बेबुनियाद है|

तुमच्याविरुद्ध बी.के.सी. व खेरवाड़ी पोलिस ठाणे येथे खालील प्रमाणे दखलपात्र गुन्हे नोंद झालेले आहेत.

अक्र.	**पोलिस ठाणे**	**गु.र.क्र. व कलम**	**कोर्ट केस क्रमांक**	**प्रकरणाची सद्यस्थिती**
1	बी.के.सी.	गु.र.क्र. 192/20, कलम 309 भा.द.वि **समीक्षा:** बिंदु क्रमांक B(xiii)3(a) को देखिये	–	तपासाधिन
2	बी.के.सी.	गु.र.क्र. 180/20, कलम 307, 324, 504, 143, 147, 149 भा.द.वि. **समीक्षा:** बिंदु क्रमांक B(xiii)2(a) को देखिये	–	तपासाधिन
3	बी.के.सी.	गु.र.क्र. 176/20 कलम 324, 323, 504, 506, 334 भा.द.वि. **समीक्षा:** बिंदु क्रमांक B(xiii)1(a) को देखिये	–	तपासाधिन
4	बी.के.सी.	गु.र.क्र. 69/20 कलम 420, 406, 34 भा.द.वि. **समीक्षा:** बिंदु क्रमांक B(xiii)4(a) को देखिये	–	तपासाधिन
5	बी.के.सी.	गु.र.क्र. 255/19 कलम 324, 323, 141, 143, 144, 147, 148, 149, सह म.पो.का. कलम 37(1)(3) **समीक्षा:** बिंदु क्रमांक B(xiii)5(a) को देखिये	–	तपासाधिन
6	बी.के.सी.	गु.र.क्र. 278/16 कलम 141, 142, 143, 144, 145, 146, 147, 148, 332, 333,	601/पीडब्ल्यु/17	न्यायप्रविष्ठ

		353, 120(ब) भा.द.वि. **समीक्षा:** बिंदु क्रमांक B(xiii)7(a), B(xiii)7(b), B(xiii)7(c) को देखिये		
7	बी.के.सी.	गु.र.क्र. 162/14, कलम 332, 353, 504, 506, 34 भा.द.वि. **समीक्षा:** बिंदु क्रमांक B(xiii)6(a) को देखिये	1582/पीडब्ल्यु/15	न्यायप्रविष्ठ
8	बी.के.सी.	गु.र.क्र. 144/09, कलम 302, 34 भा.द.वि. **समीक्षा:** इस मामले में कोर्ट द्वारा निर्दोष बरी हुये हैं, जाँच अधिकारी की आरोपी व उसके परिजनों के खिलाफ मानसिकता साफ नजर आ रही है| इसी बी.के.सी. पुलिस थाने के द्वारा एक अन्य दस्तावेज में उक्त गुन्हा क्रमांक दिखाया गया है जिसमें साफ-साफ 'दोषमुक्त' लिखा है लेकिन इस सेशन कोर्ट के कोर्ट नं. 30 में दिये 'say' में उक्त गुन्हा क्रमांक को 'दोषमुक्त' नहीं दिखाया है, आखिर क्यों?	–	दोषमुक्त
9	बी.के.सी.	गु.र.क्र. 135/04, कलम 324 भा.द.वि. **समीक्षा:** इस मामले का शिकायतकर्ता अन्य मामले में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहा है, जिससे यह तो अवश्य साबित होता है कि शिकायतकर्ता खुद एक आपराधिक प्रवृति का है, मगर यह कहना कि अगर कोई अपराधी है, तो हमें उसे मारने का हक मिल गया, यह बिल्कुल गलत है, यदि कोई ऐसा करता है, तो यह मोब-लिंचिंग के अपराध में आता है, उस वक्त में 20 वर्ष का था, आरोप झूठा लगाया गया था इसका मामला अदालत में चल रहा है	384/पीडब्ल्यु/04	न्यायप्रविष्ठ
10	खेरवाड़ी	गु.र.क्र. 178/98, कलम 323, 324, 504 भा.द.वि.	331/पीडब्ल्यु/98	न्यायप्रविष्ठ

		समीक्षा: DORMANT File CASE MEANS (NO ACTIVITY) SINCE LONG		

B(viii).तुम्हारे खिलाफ बी.के.सी. पुलिस थाने में 15 NC भी है, गाली देने व धमकी देने की भी शिकायतें हैं|

समीक्षा: मैं एक सामाजिक कार्यकर्ता हूँ और लगातार गलत के खिलाफ सबूतों के साथ अहिंसात्मक तरीके से शिकायत देते हुये आवाज़ उठाता हूँ जिसके सारे सबूत मौजूद हैं, मेरी आवाज को दबाने के लिये अधिकांशतः भ्रष्ट अधिकारी मेरे ऊपर NC दर्ज करवा देते हैं| यह भ्रष्ट अधिकारी जानते हैं कि यदि मामले की गहराई में अधिक जाएंगे तो उनकी पोल-पट्टी दस्तावेज़ी सबूतों के साथ बेनकाब हो जायेगी इसीलिये कानून का गैर-संवैधानिक फायदा उठाते हुये NC दर्ज करवा देते हैं और फिर शांत बैठ जाते हैं क्योंकि वे जानते हैं कि, हम लोग निर्दोष हैं इसी वजह से इतने सारे अदखल गुन्हा हमारे ऊपर दर्ज किये गये हैं जो अपने अंजाम तक जानबूझ कर नहीं पहुँचाये जाते| संलग्न शपथ-पत्र के बिंदु क्र. H (3) (i) (ब.) में संपूर्ण विवरण दिया गया है|

B(ix). तुम व तुम्हारे साथी बी.के.सी. पुलिस थाने की हद्द में आने वाले पत्थरनगर, भारतनगर, वाल्मीकिनगर और आजु-बाजु के परिवार में दहशत फैलाते हो|

समीक्षा: इसका जवाब इसी पत्र के 2e. में दिया गया है|

B(x). तुम्हारे परिसर में रहनेवाले आदमी जिसके घर में शादी होने वाली है उसकी जान को खतरा है इसलिये उसने संरक्षण मांगा है तुम व साथी से|

समीक्षा: जिसकी शादी होनेवाली है वे खुद आपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं, परिसर में नशे का धंधा करते हैं जिसकी शिकायत लॉकडाऊन के समय "जब उनके परिवार द्वारा गरीब लोगों को राशन से संबंधित सामान बाँटा जा रहा था" तब दिखाई दिया था क्योंकि उस वक्त वहीं पास में हम लोगों ने डॉक्टर का कैंप लगा रखा था जिसको कोरोना वायरस के संक्रमण की वजह से किये गये लॉकडाऊन के दौरान हम लोगों के द्वारा चलाया जा रहा था तब हम लोगों ने देखा था कि, उनके परिवार द्वारा बाँटे जा रहे राशन की वजह से लॉकडाऊन के नियमों के खिलाफ जाकर बहुत अधिक भीड़ हो रही थी| तब हमने समझाते हुये कहा था कि, भीड़ अधिक होने की वजह से संक्रमण का खतरा बढेगा अतः अगर आप चाहें तो जिस वक्त हमारा कैंप बंद रहता है उस वक्त हमारे कैंप का उपयोग करके लॉकडाऊन के नियमों का पालन करते हुये गरीबों को राशन बाँटेंगे तो संक्रमण का खतरा कम रहेगा मगर उनके

परिवार ने हमारी सलाह पर गौर नहीं किया| ऐसा तभी होता है जब आपस में दुश्मनी हो या फिर कोई निजी लाभ की वजह हो| तब पता चला कि उनकी एक छोटी पान की दुकान है (जिसपर हमने पहले कभी ध्यान नहीं दिया था क्योंकि हमारा रहना व उठना-बैठना हमारी गली के पास ही रहा है जबकि उनका परिवार हमारे घर से लगभग 400 से 500 मीटर की दूरी पर है) जहाँ पर वह सिगरेट, बीढी, गुटका, तंबाकु आदि बेचते हैं मगर जब हम लोगों ने ध्यान दिया तो समझ आया कि, दुकान से कुछ ही दूरी पर शादी करनेवाला लड़का मुर्सलीन व उसके परिवार के अन्य सदस्य नशे(चरस) आदि का धंधा राशन के लिये उमड़ी भीड़ का फायदा उठाते हुये कर रहे हैं जिसके बाद हम लोगों ने 100 पर भी खबर की और पुलिस अधिकारियों को sms करके जानकारी भी दी जिससे वे खुद आगे बड़ कर संबंधित मामले में छापेमारी करें और किये जा रहे अपराध को रोकें जिसके बाद इस मामले में हम लोगों ने हवलदार(सरदार) के द्वारा इंस्पैक्टर श्यामल कोले से भी बात की गई मगर उन्होंने धमकाते हुये कहा कि, "यदि कोई सबूत है तो कहो नहीं तो भागो यहाँ से, नहीं तो तुम्हारे ऊपर ही FIR कर देंगे" जिसके बाद हम लोग वापस आ गये क्योंकि हम जानते हैं कि यह नशे के व्यापारी खतरनाक होते हैं, जब तक चुपचाप छापा ना मारा जाये पकडाई नहीं आते जिसके बाद हमलोग चुप हो गये और मामला आया-गया हो गया| इसके बाद इन्हीं लोगों ने हमलोगों के ऊपर हमला किया और झूठी FIR लिखवाई जिसके सारे सबूत सी.सी.टी.वी. फुटेज, घटनास्थल का नक्शा, FIR में दर्ज बयान के साथ-साथ पुलिस अधिकारी द्वारा अदालत को दिये गये बयान से साबित होता है, संलग्न शपथ-पत्र के बिंदु क्र. A, B, C, D, E, F, G & H में दिये गये संपूर्ण विवरण व समीक्षा से साबित होता है कि, शिकायत करनेवाले शिकायतकर्ता व उनका परिवार जिनमें महिलायें भी शामिल हैं वे खुद के द्वारा खुद को झूठा प्रमाणित कर रहे हैं| अतः लगाया गया आरोप झूठा व बेबुनियाद है|

B(xi). तुम्हारे विरुद्ध 10 FIR होने के बावजूद तुम पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है इसलिये तुम गुन्हा करते जा रहे हो, तुम्हारी वजह से लोगों की जान व संपत्ति को खतरा है| पर तुम्हारे दिमाग में कानून का कोई डर नहीं है तुम्हारे गैर-कानूनी कामों को रोकने के लिये 2019 में चॅ.के.क्र. 42/19 व को.के.क्र. 171/19 फौ.प्र.सं. कलम 107 के तहत कार्यवाही की थी मगर नोटिस लेने से तुमने मना कर दिया था|

समीक्षा: इसका जवाब इसी पत्र के 2e. में दिया गया है| मैं संवैधानिक नियमों को तोड़ने से डरता हूँ और इसी वजह से मैंने कभी भी संवैधानिक नियमों का उल्लंघन नहीं किया

है अतः यह कहना कि, मेरे दिमाग में कानून का कोई डर नहीं है, यह कहना बिल्कुल गलत व बेबुनियाद है| जैसा कि, उपरोक्त पैरा में कहा गया है कि, मैंने कलम 107 के तहत कार्यवाही किये जाने का नोटिस लेने से मना कर दिया था तो यह बिल्कुल गलत है क्योंकि जिस वक्त मेरे पास नोटिस आया था उस वक्त मैंने नोटिस लेने से पहले बी.के.सी. पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक से मिलने की इच्छा व्यक्त की थी जिसके बाद जब मैं वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक से मिला और उन्हें जानकारी दी कि, जिस FIR No. 255/19 की वजह से मुझपर 107 की कलम लगाई जा रही है वह FIR झूठी शिकायत पर बनाई गई है और इसके लिये मेरे द्वारा उन सी.सी.टी.वी. फुटेज को सीज़ करके जाँच करने के कई आवेदन दिए गये थे और मेरे द्वारा कहा गया था कि, अगर सी.सी.टी.वी फुटेज में मैं दोषी नजर आ गया तो आप मुझपर तुरंत कार्यवाही कर सकते हैं **जिसकी वजह से वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक द्वारा मुझे कहा गया कि मैं देखकर बताता हूँ मगर तब से लेकर आजतक वह नोटिस मेरे पास दुबारा नहीं आया जिससे साबित हो गया था कि मेरे द्वारा वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक को आवश्यक विवेचना के साथ जो कहा गया था वह सही था** और इसी वजह से मेरे पास दुबारा नोटिस नहीं भेजा गया अतः अगर आज उस नोटिस की बात उठाई जा रही है तो साफ है कि, मुझे अधिक से अधिक दोषी साबित करने के लिये बेबुनियाद आरोप लगाया जा रहा है, जो गलत है, संवैधानिक नियमों के तहत जिम्मेदार अधिकारी को ऐसा नहीं करना चाहिये |

B(xii). लेकिन तुमको डर नहीं लगता, तुम कानून से डरते नहीं, तुम्हारे खिलाफ बार-बार FIR और NC होती जा रही है| तुम्हारे व्यवहार को ध्यान में रखते हुये ऐसा दिख रहा है कि तुम व तुम्हारे साथी बी.के.सी. पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत खुलेआम व छुपके गुन्हा करते हो| तुम्हें शारीरिक व संपत्ति का अपराध करने की आदत है|

समीक्षाः इसका जवाब इसी पत्र के 2e. में दिया गया है| मैं संवैधानिक नियमों को तोड़ने से डरता हूँ और इसी वजह से मैंने कभी भी संवैधानिक नियमों का उल्लंघन नहीं किया है अतः यह कहना कि, मेरे दिमाग में कानून का कोई डर नहीं है, बिल्कुल गलत व बेबुनियाद है|

B(xiii). तुम्हारे खिलाफ हाल ही में दर्ज FIR का विवरण दिया है|

1) गु.र.क्र. 176/20 कलम 324, 323, 506, 504, 34 भा.द.वि.

a. उक्त अपराधिक घटना का फरियादी व तुम एक ही परिसर में रहते हो| फरियादी तुम्हें व तुम्हारे भाईयों रमजान मनिहार, जाकिर मनिहार को

पहचानता है, वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण की वजह से पूरे देश में लॉकडाऊन है| इसलिये फरियादी और तुम जहाँ रह रहे हो वहाँ के रहिवासी परिसर में रहनेवाले गरीब लोगों को फरियादी के परिवार द्वारा राशन माल तथा जरूरी चीजों का वितरण किया जाता है, तथा तुम्हारा परिवार भी यही काम कर रहा था। तुम और तुम्हारे साथी, जो राशन फरियादी बाँट रहा था तो उस वक्त तुम लोगों ने उससे कहा कि, 'यह राशन हमारे जरिये बँटवाओ' लेकिन फर्यादी द्वारा तुम और तुम्हारे साथियों को मना कर दिया गया जिसकी वजह से तुम और तुम्हारे साथी, फरियादियों पर गुस्सा थे|

समीक्षाः यह बात सही है कि कथित आपराधिक घटना का फरियादी और हमलोग एक ही परिसर में रहते हैं और यह भी सही है कि, फरियादी मुझे व मेरे भाईयों रमजान मनिहार, जाकिर मनिहार को पहचानता है| यह भी सही है कि, वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण की वजह से पूरे देश में लॉकडाऊन है| यह भी सही है कि जिस परिसर में हम रहते हैं वहाँ पर गरीब लोगों को फरियादी के परिवार द्वारा राशन माल तथा जरूरी चीजों का वितरण किया जाता था| और यह भी सही है कि मेरा व मेरा परिवार भी गरीब लोगों के सहयोग के लिये परिसर में राशन माल वितरण के साथ-साथ मैडिकल सुविधायें भी दे रहा था| यह बिल्कुल सही नहीं है कि उस वक्त हम लोगों ने कहा कि, 'यह राशन हमारे जरिये बँटवाओ' बल्कि हमने उन्हें समझाते हुये यह कहा था कि, 'भीड़ अधिक होने की वजह से संक्रमण का खतरा बढेगा अतः अगर आप चाहें तो जिस वक्त हमारा कैंप बंद रहता है उस वक्त हमारे कैंप का उपयोग करके लॉकडाऊन के नियमों का पालन करते हुये गरीबों को राशन बाँटेंगे तो संक्रमण का खतरा कम रहेगा' ऐसा इसलिये कहा था क्योंकि लॉकडाऊन के समय जब उनके परिवार द्वारा गरीब लोगों को राशन से संबंधित सामान बाँटा जा रहा था (उस वक्त वहीं पास में हम लोगों ने डॉक्टर का कैंप लगा रखा था जिसको कोरोना वायरस के संक्रमण की वजह से किये गये लॉकडाऊन के दौरान हम लोगों के द्वारा चलाया जा रहा था) तब हम लोगों ने देखा था कि, उनके परिवार द्वारा बाँटे जा रहे राशन की वजह से लॉकडाऊन के नियमों के खिलाफ जाकर बहुत अधिक भीड़ हो रही थी| तब हमने उन्हें समझाते हुये कहा था कि, 'भीड़ अधिक होने की वजह से संक्रमण का खतरा बढेगा अतः अगर आप चाहें

तो जिस वक्त हमारा कैंप बंद रहता है उस वक्त हमारे कैंप का उपयोग करके लॉकडाऊन के नियमों का पालन करते हुये गरीबों को राशन बाँटेंगे तो संक्रमण का खतरा कम रहेगा' मगर उनके परिवार ने हमारी सलाह पर गौर नहीं किया| ऐसा तभी होता है जब आपस में दुश्मनी हो या फिर कोई निजी लाभ की वजह हो| तब पता चला कि उनकी एक छोटी पान की दुकान है (जिसपर हमने पहले कभी ध्यान नहीं दिया था क्योंकि हमारा रहना व उठना-बैठना हमारी गली के पास ही रहा है जबकि उनका परिवार हमारे घर से लगभग 400 से 500 मीटर की दूरी पर है) जहाँ पर वह सिगरेट, बीढी, गुटका, तंबाकु आदि बेचते हैं मगर जब हम लोगों ने ध्यान दिया तो समझ आया कि, दुकान से कुछ ही दूरी पर शादी करनेवाला लड़का मुर्सलीन व उसके परिवार के अन्य सदस्य नशे(चरस) आदि का धंधा राशन के लिये उमड़ी भीड़ का फायदा उठाते हुये कर रहे हैं जिसके बाद हम लोगों ने 100 पर भी खबर की और पुलिस अधिकारियों को sms करके जानकारी भी दी जिससे वे खुद आगे बड़ कर संबंधित मामले में छापेमारी करें और किये जा रहे अपराध को रोकें जिसके बाद इस मामले में हम लोगों ने हवलदार(सरदार) के द्वारा इंस्पैक्टर श्यामल कोले से भी बात की गई मगर उन्होंने धमकाते हुये कहा कि, "यदि कोई सबूत है तो कहो नहीं तो भागो यहाँ से, नहीं तो तुम्हारे ऊपर ही FIR कर देंगे" जिसके बाद हम लोग वापस आ गये क्योंकि हम जानते हैं कि यह नशे के व्यापारी खतरनाक होते हैं, जब तक चुपचाप छापा ना मारा जाये पकडाई नहीं आते जिसके बाद हमलोग चुप हो गये और मामला आया-गया हो गया| इसके बाद इन्हीं लोगों ने हमलोगों के ऊपर हमला किया और झूठी FIR लिखवाई जिसके सारे सबूत सी.सी.टी.वी. फुटेज, घटनास्थल का नक्शा, FIR में दर्ज बयान के साथ-साथ पुलिस अधिकारी द्वारा अदालत को दिये गये बयान से साबित होता है, संलग्न शपथ-पत्र के बिंदु क्र. A, B, C, D, E, F, G & H में दिये गये संपूर्ण विवरण व समीक्षा से साबित होता है कि, शिकायत करनेवाले शिकायतकर्ता व उनका परिवार जिनमें महिलायें भी शामिल हैं वे खुद के द्वारा खुद को झूठा प्रमाणित कर रहे हैं| अतः लगाया गया आरोपे झूठा व बेबुनियाद है|

b. घटनास्थल का समय दिनांक 23.05.2020 की सुबह 7:00 बजे का है

समीक्षा : FIR के अनुसार कथित घटना का समय सुबह 7:00 बजे का है जबकि हमारे द्वारा संलग्न शपथ-पत्र के बिंदु क्र. B में किये गये सी.सी.टी.वी. फुटेज के मुख्य बिंदुओं के लिखित स्वरुप के अनुसार सी.सी.टी.वी. फुटेज में 7:31 के समय मुर्सलीन व बदरुद्दीन, बदरुद्दीन के पड़ोसी वकील भाई के साथ आपस में बातचीत कर रहे हैं| सी.सी.टी.वी. फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि, मुर्सलीन को किसी प्रकार की कोई चोट नहीं लगी है और ना ही उसके साथ कोई झगड़ा किया जा रहा है|

c. **सुबह 7:00 बजे सलीम के भाई जावेद का लड़का मुर्सलीन (उम्र 20 वर्ष) होने वाली पत्नि रिज़वाना शेख (19 वर्ष) से मिलने चाल नं. 52, भारत नगर, बांद्रा (पू.), मुंबई – 400051 गया था**

समीक्षा : सहमत, संलग्न शपथ-पत्र के बिंदु क्र. B में किये गये सी.सी.टी.वी. फुटेज के मुख्य बिंदुओं के लिखित स्वरुप के अनुसार (सी.सी.टी.वी. फुटेज के अनुसार समय 7:31 के बाद का है उस वक्त लड़की घटनास्थल पर मौजूद नहीं थी) ध्यान देने वाली बात है कि, यदि फरियादी के भाई के लड़के मुर्सलीन व उसकी होनेवाली पत्नि के बीच घनिष्ठ संबंध होते तो मुर्सलीन व उसके परिजनों को निश्चित तौर पर मालूम होता कि, मुर्सलीन की होने वाली पत्नि का घर गली नं. 52 में नहीं है बल्कि गली नं. 56 के काफी अंदर लगभग 100 मीटर की दूरी पर है| पूर्व के अनुसार इन दोनों के मेल-मिलाप की वजह से कई बार मुर्सलीन व उसकी होनेवाली पत्नि के परिजनों के बीच तक्रार भी हुई थी|

d. **उस वक्त तुमने फरियादी के भाई के लड़के मुर्सलीन के पहुँचने के बाद उसे मारना शुरु किया**

समीक्षा : संलग्न शपथ-पत्र के बिंदु क्र. B में किये गये सी.सी.टी.वी. फुटेज के मुख्य बिंदुओं के लिखित स्वरुप के अनुसार घटनास्थल की सी.सी.टी.वी. फुटेज देखिये 7:32:54 के समय मुर्सलीन फोन पर बात कर रहा है और 7:33:42 के समय मुर्सलीन व उसके पिता जावेद मित्रतापूर्ण माहौल में आपस में बातचीत कर रहे हैं, सी.सी.टी.वी. फुटेज से साफ साबित है कि शिकायतकर्ता झूठ बोल रहा है

e. **इस मसले को समझाने के लिये फरियादी व फरियादी के भाई शारिक अंसारी, सैय्यद हनीफअल्ताफ (साला) और फरियादी की माँ आदि सभी लोग घटनास्थल पर आये**

समीक्षा : संलग्न शपथ-पत्र के बिंदु क्र. B में किये गये सी.सी.टी.वी. फुटेज के मुख्य बिंदुओं के लिखित स्वरूप के अनुसार घटनास्थल की सी.सी.टी.वी. फुटेज देखिये 7:37:35 पर शारिक बंबू लेकर दौड़ते हुये आया है और हमले की स्थिती में साफ दिखाई दे रहा है, सी.सी.टी.वी. फुटेज में शारिक, बदरुद्दीन पर लगातार हमला कर रहा है और बदरुद्दीन को अच्छे से मारा जा सके इसके लिये जावेद द्वारा बदरुद्दीन को पीछे से पकड़ा हुआ है, सी.सी.टी.वी. फुटेज से साबित होता है कि पहले शारिक बंबू लेकर आया और बदरुद्दीन को मारना शुरु किया अतः शिकायतकर्ता के द्वारा यह कहना कि, 'सलीम, शारिक अंसारी, सैय्यद हनीफ अल्ताफ और सलमा घटनास्थल पर एकसाथ पहुँचे' बिल्कुल गलत है|

f. **तब घटनास्थल पर तुमने हाथ से और तुम्हारे साथ भाई रमजान मनिहार ने फरियादी व फरियादी के साथियों को रॉड से मारना शुरु किया**

समीक्षा : संलग्न शपथ-पत्र के बिंदु क्र. B में किये गये सी.सी.टी.वी. फुटेज के मुख्य बिंदुओं के लिखित स्वरूप के अनुसार घटनास्थल की सी.सी.टी.वी. फुटेज में 7:37:39 के समय को देखिये साफ दिखाई दे रहा है कि, सलीम, शारिक व मुर्सलीन बदरुद्दीन पर हमला कर रहे हैं और जावेद ने बदरुद्दीन को पकड़ रखा है, 7:37:30 से 7:38:20 के बीच का सी.सी.टी.वी. फुटेज देखिये किस प्रकार बदरुद्दीन को जावेद, सलीम, शारिक और मुर्सलीन आदि ने पकड़ कर मारने का काम किया है, अतः सी.सी.टी.वी फुटेज से साबित होता है कि, बदरुद्दीन और रमजान के हाथ में किसी भी प्रकार का कोई भी हथियार मौजूद नहीं है जबकि शारिक के हाथ में बंबू है जिससे वह लगातार हमले कर रहा है| अतः यह कहना कि, 'बदरुद्दीन ने हाथ से और रमजान ने रॉड से मारा है' बिल्कुल झूठ है

g. **फरियादी सलीम के सिर के बाईं ओर लगी**

समीक्षा : संलग्न शपथ-पत्र के बिंदु क्र. B में किये गये सी.सी.टी.वी. फुटेज के मुख्य बिंदुओं के लिखित स्वरूप के अनुसार घटनास्थल की सी.सी.टी.वी. फुटेज के अनुसार 7:38 के समय तक सलीम पूर्ण रूप से स्वस्थ है उसे

कहीं कोई चोट नहीं लगी है बल्कि सी.सी.टी.वी. फुटेज बता रहा है कि सलीम व उसके परिवार के लोगों ने बदरुद्दीन पर हमला किया है| सी.सी.टी.वी. फुटेज से साबित होता है कि, 'सलीम पूर्ण रुप से स्वस्थ है और वह अपने परिवार के साथ बदरुद्दीन, रमजाव व तालिब आदि पर हमला कर रहे हैं| अतः यह कहना कि, 'सलीम के सिर के बाईं ओर लगी है' बिल्कुल झूठ है अगर उसे लगी भी है तो वह अन्य घटनास्थल पर या अन्य किसी वजह से लगी होगी अथवा साजिश रच कर चोट लगाई गई होगी|

h. फरियादी सलीम के भाई शरीक को उसके सिर के दाहिनी तरफ मारा

समीक्षा : संलग्न शपथ-पत्र के बिंदु क्र. B में किये गये सी.सी.टी.वी. फुटेज के मुख्य बिंदुओं के लिखित स्वरुप के अनुसार घटनास्थल की सी.सी.टी.वी. फुटेज के अनुसार 7:38 के समय तक शारिक पूर्ण रुप से स्वस्थ है उसे कहीं कोई चोट नहीं लगी है बल्कि घटनास्थल की सी.सी.टी.वी. फुटेज से साफ पता चल रहा है कि शारीक व उसके परिवार के लोगों ने बदरुद्दीन व रमजान पर हमला किया हुआ है, सी.सी.टी.वी. फुटेज से साबित होता है कि, 'सलीम के भाई शारिक पर कोई भी हमला बदरुद्दीन या रमजान द्वारा नहीं किया गया है| अतः यह कहना कि, 'रमजान ने शिकायतकर्ता के भाई शारिक को रॉड से मारा', बिल्कुल झूठ है

i. तुमने हनीफ को बाईं आंख में मुक्के से मारा जिससे वह घायल हो गया

समीक्षा : संलग्न शपथ-पत्र के बिंदु क्र. B में किये गये सी.सी.टी.वी. फुटेज के मुख्य बिंदुओं के लिखित स्वरुप के अनुसार घटनास्थल की सी.सी.टी.वी. फुटेज में हनीफ व सलीम का परिवार बदरुद्दीन के ऊपर हमला कर रहा है, साफ है कि, हनीफ को जो भी चोट आई है वह हमला करने की वजह से बचाव में आई होगी या फिर उन्हें कहीं और लगी होगी| सी.सी.टी.वी. फुटेज से साबित है कि, 'हमला शिकायतकर्ता के परिजन कर रहे हैं ना कि, FIR में नामजद किये आरोपी' अतः यह कहना कि, 'बदरुद्दीन ने हनीफ की बाईं आँख पर मुक्के से मारा' बिल्कुल झूठ है| बिन्दु क्रमांक G (6) (i) को देखें

j. **सलीम की माँ सलमा को भी इस धक्का-मुक्की की वजह से दाहिने हाथ के कोने में लगी और वह घायल हो गई**

समीक्षा : संलग्न शपथ-पत्र के बिंदु क्र. B में किये गये सी.सी.टी.वी. फुटेज के मुख्य बिंदुओं के लिखित स्वरुप के अनुसार घटनास्थल की सी.सी.टी.वी. फुटेज के अनुसार शारिक व उनका परिवार ही बदरुद्दीन पर हमला कर रहा है साफ है कि, सलीम की माँ सलमा को यदि कोई चोट आई भी है तो उसके जिम्मेदार हमलावर (सलीम, जावेद, शारिक, हनीफ, मुर्सलीन आदि) ही हैं| सी.सी.टी.वी. फुटेज से साबित है कि, 'हमला शिकायतकर्ता के परिजन कर रहे हैं ना कि, FIR में नामजद किये आरोपी' अतः यह कहना कि, 'इस लडाई-झगड़े से सलीम की माँ सलमा को लगी और वह घायल हुईं तो उसका कारण बदरुद्दीन या उसका परिवार नहीं है बल्कि खुद शिकायतकर्ता व उसका परिवार है क्योंकि सी.सी.टी.वी. फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि, बदरुद्दीन व उसके परिवार ने कोई हमला नहीं किया बल्कि शिकायतकर्ता व उसके परिवार द्वारा हमला किया गया है|

k. **इसलिये इलाज के लिये भाभा अस्पताल गये और फिर शिकायत देने के लिये पुलिस थाने पहुँचे**

समीक्षा : सहमत, मगर कितनी कथित चोट किसे लगी है इसकी जानकारी अस्पताल में प्रवेश व निकासी की जगह मौजूद सी.सी.टी.वी. फुटेज से ही पता चल सकेगी कि, किसे कितनी कथित चोट लगी है या लगी भी है या नहीं साथ ही पुलिस थाने में मौजूद सी.सी.टी.वी. फुटेज से भी सच्चाई सामने आयेगी और मैडिकल रिपोर्ट से भी पता चलेगा कि, किसे कितने टाँके आये हैं|

l. **उसके बाद थाने में कानूनन शिकायत की गई जिसके बाद तुम्हारे व तुम्हारे साथी भाई रमजान मनिहार के खिलाफ गु.र.क्र. 176/20 कलम 324, 323, 504, 506, 34 भा.द.वि. के तहत गुन्हा दाखिल किया गया**

समीक्षा : डी.के.बासु की गाईडलाईन के अनुसार यदि कोई झूठी शिकायत लेकर आता है और FIR दर्ज करने की माँग करता है तो भी किसी पुलिस अधिकारी को हक नहीं कि वह खुद जज बनकर फैसला करे कि FIR दर्ज की जानी चाहिये या नहीं अगर नजर आता है कि, फरियादी ने झूठी शिकायत करके FIR दर्ज करवाई है तो जाँच अधिकारी को हक है कि

बी-समरी रिपोर्ट अदालत में दाखिल करके केस बंद करने का ऑर्डर ले और फिर फरियादी के खिलाफ Cr.P.C. 182 के तहत FIR दर्ज करके कार्यवाही करे| अतः जो FIR दर्ज की गई है उसपर सवाल उठाने का हक मुझे नहीं है बस मैं कानुन के दायरे में रहकर अपनी बेगुनाही के सबूत देने का हक रखता हूँ जिसको रिकॉर्ड पर लेकर और सुनकर पुलिस अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही किये जाने की जरूरत है

m. **तुम्हारे खिलाफ शिकायत दिये जाने की वजह से तुम लोगों को गुस्सा आया और तुम लोगों ने अपने साथियों का सहयोग लेकर शाम को 19ः30 बजे फरियादी व गवाहों पर घातक, गंभीर हमला किया जिसके बाद दर्ज गुन्हा के तथ्य इस प्रकार हैं**

समीक्षा : सलग्न शपथ-पत्र के बिंदु क्र. B में प्रस्तुत किये गये सी.सी.टी.वी. फुटेज के लिखित विवरण के अनुसार सी.सी.टी.वी. फुटेज के विश्लेषण से साबित होता है कि FIR No. 176/20 झूठी शिकायत पर दर्ज किया गया है| अतः यह कहना कि मैं व मेरे परिवार ने गुस्से व बदले से शाम को 19ः30 बजे कथित घटनास्थल पर कथित हमला किया झूठा व बेबुनियाद है

2. **गु.र.के. 180/20 कलम 307, 324, 504, 143, 147, 148, 149 भा.द.वि.**

a. **दिनांक 23/05/2020 के दिन शाम 7:30 बजे फरियादी, फरियादी के भाई जावेद, सालिम, भतीजा मुर्सलीन व सलीम का साला हानीफ सैय्यद ने रोजा खत्म करके घर के बाहर बैठे थे| इस बीच, लड़की के पिता ने वादी के भाई जावेद को मुरसलिन की शादी के लिए बातचीत करने के लिए अपने घर बुलाया| इसके बाद फरियादी व फरियादे के भाई लड़के के घर गये जो तुम्हारे घर के सामने चाल क्र. 52, (भारत नगर, बांद्रा (पू.), मुंबई - 400051) में है| फरियादी, उसके भाई और परिजन घर में बैठे थे तभी किसी काम से फरियादी व फरियादी का भतीजा असमाँ बाहर आये| अचानक तुम और तुम्हारे साथी जिनका नाम रमजान मनिहार, तालिब, हुसैन, आसिफ, जाकिर व अन्य फरियादी के सामने आ गये।**

समीक्षाः पता नहीं, लेकिन F.I.R. No. 180/2020 के शिकायतकर्ता शारिक के घर के बगल में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे में जमा फुटेज को देखकर सच्चाई को सामने लाया जा सकता है अथवा कॉल डीटेल से भी सच्चाई

सामने लाई जा सकती है| यह निश्चित है कि, शिकायतकर्ता के अनुसार घटित कथित घटना के कुछ समय पहले ही शिकायतकर्ता व उनके परिजनों द्वारा लड़कीवालों के घर जाने की योजना बनी थी, यानि पहले से कोई योजना तय नहीं थी अतः ऐसे किसी मामले में जिसमें 10-15 या 20-25 हमलावरों द्वारा हथियारों के साथ किये जाने वाले हमले की योजना कम से कम 2 घंटे पहले अवश्य बनती है जिससे साबित होता है कि इस कथित घटना के मामले में हमला करने के लिये हमलावरों के पास योजना बनाने के लिये समय ही नहीं था| अतः पहली नजर में ही कथित घटना पर उठाये जाने वाला यह प्रश्न शिकायतकर्ता की शिकायत को संदिग्ध बनाता है| संलग्न शपथ-पत्र के बिंदु क्र. A के विश्लेषण से साबित होता है कि किन हालातों में कोई अचानक सामने आ सकता है|

b. **उस वक्त तुम्हारे के हाथ में लोहे की रॉड थी और तुम्हारे साथियों रमजान व तालिब के हाथों में पाईप था, हुसैन व आसिफ के हाथों में बंबू था, बाकी सभी के हाथ में काठी व बंबू थे**

समीक्षाः शपथ-पत्र के बिंदु क्र. E (12), (13), (14) में किये गये विश्लेषण से सच्चाई साबित होती है कि, शिकायतकर्ता शारिक झूठ बोल रहा है

c. **तुम तभी चिल्लाने लगे कि, तुम लोगों ने मेरे खिलाफ शिकायत की है, "मैं तुझे जिंदा नहीं छोडूँगा, यहाँ से इनकी लाशें निकलनी चाहिये" ऐसा कहते हुये गालियाँ देने लगे, फिर तुमने अपने हाथ की रॉड से शारिक के सिर पर मारा| इसके बाद तुमने अपने साथियों को कहा कि, "मार उसे जिंदा नहीं छोड़ना इसे" ऐसे चिल्ला रहे थे| तुमने फरियादी के सिर पर रॉड से मारा था इसलिये उसके सिर से खून बहने लगा| इसके बाद फरियादी ने बचने के लिये चिल्लाना शुरु किया जिसके बाद फरियादी के भाई व रिश्तेदार बाहर आये और उन्होंने शारिक को छुड़ाने का प्रयास किया| फरियादी के भाई सलीम व अन्य रिश्तेदारों को देखते ही तुमने रॉड व तुम्हारे साथियों ने अपने पास मौजूद पाईप, बंबू व लाठी से पिटाई की|**

समीक्षाः संलग्न शपथ-पत्र के बिंदु क्र. E (12), (13), (14) में किये गये विश्लेषण से सच्चाई साबित होती है कि, शिकायतकर्ता शारिक झूठ बोल रहा है और उसके द्वारा लगाये गये आरोप झूठे व बेबुनियाद हैं

d. **उसके बाद घटनास्थल पर जमा हो गये लोगों ने तुम्हारे व तुम्हारे साथियों से फरियादी व फरियादी के अन्य साथियों को छुड़ाया, उस वक्त फरियादी व फरियादी के अन्य साथी घायल हो गए, जिसके बाद सभी लोग ईलाज के लिए भाभा अस्पताल, बान्द्रा पश्चिम, मुंबई गए वहाँ ईलाज करवा कर शिकायत करने पुलिस थाने वापस आये| उसके बाद सभी लोग घटना की शिकायत करने बी.के.सी. पुलिस थाने गये और FIR No. 180/20 कलम 307, 324, 504, 143, 457, 148, 149 भा.द.वि दर्ज की गई| उक्त मामले में तुम्हें माननीय सेशन कोर्ट से अंतरिम जमानत मंजूर हो गई है, तुम व तुम्हारे साथी अंतरिम जमानत पर आजाद हो|**

समीक्षाः संलग्न शपथ-पत्र के बिंदु क्र. E (12), (13), (14) में किये गये विश्लेषण से सच्चाई साबित होती है कि, शिकायतकर्ता शारिक झूठ बोल रहा है और उसके द्वारा लगाये गये आरोप झूठे व बेबुनियाद हैं| यह सही है कि मैं व FIR No.180/20 के आरोपी माननीय सेशन कोर्ट से अंतरिम जमानत पर है |

3. **गु.र.क्र. 192/20 कलम 309 भा.द.वि.**

a. **29.06.2020 के दिन 20ः30 के करीब मा. पुलिस उपायुक्त, ज़ोन-8, मुंबई के कार्यालय में तुम्हारी साथी पत्नि द्वारा दी गई शिकायत की वजह से आपको बोलने का मौका देने के बाद बात ठीक से सुनकर तुम्हारी अर्जी के दस्तावेज़ मा. पुलिस उपायुक्त ने खुद ठीक से देखकर आश्वासन दिया था कि, "निष्पक्ष जाँच होगी"| तुमने मा. पुलिस उपायुक्त को कहा कि, "आप कुछ कार्यवाही नहीं करते, आप कैसे नहीं करते ये मैं देख लेता हूँ" ऐसा कहकर तुमने अपनी पैंट के जेब में रखी फिनाईल इस जहरीला द्रव्य जैसे बदबू आनेवाली बोतल जेब से निकालकर मुँह को लगाकर द्रव्य पीने लगे| उस वक्त तुमको वहाँ मौजूद पुलिस अधिकारियों ने द्रव्य पीने से प्रतिबंध किया और इलाज के लिये सरकारी अस्पताल में भर्ती किया लेकिन पुलिस तुम्हारे कहे अनुसार काम करे इसलिये दबावतंत्र के तौर पर फिनाईल जैसा जहरीला द्रव्य पीकर आत्महत्या करने की नौटंकी करने के लिये तुम्हारे खिलाफ बी.के.सी. पुलिस थाने में गु.र.क्र. 192/20 कलम 309 भा.द.वि. के तहत दर्ज कर दिया गया है|**

समीक्षाः यह सही है कि मुझे पुलिस उपायुक्त द्वारा मेरी पत्नि द्वारा दी गई शिकायत जिसके अनुसार 'लुटेरे हमलावरों द्वारा घायल करके घर से DVR लूटने की शिकायत के मामले में FIR दर्ज किये जाने के संबंध में'

अपने कार्यालय में बुलाया गया था लेकिन यह गलत है कि दस्तावेज़ देखकर उन्होंने यह आश्वासन दिया था कि निष्पक्ष जाँच होगी बल्कि उन्होंने मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया था और कहा था कि, "तुम क्यों HDIL के मालिक के पीछे पड़े हो?" फिर अप्पासाहेब बाबूराव शेवाले (सहायक पुलिस आयुक्त, खेरवाड़ी डिवीजन) को आदेश दिया कि, "इसे मोक्का के तहत जेल भेज दो यह कई सालों तक जेल से आना नहीं चाहिये, कोविड 19 लॉकडाऊन के चलते कोई पूछनेवाला नहीं है, इसपर कई सारे केस दर्ज हैं" और यह कहना कि, 'उपायुक्त महोदय को कहा था कि, "आप कुछ कार्यवाही नहीं करते, आप कैसे नहीं करते ये मैं देख लेता हूँ" मैंने ऐसे कोई भी शब्द इस्तेमाल नहीं किये थे बल्कि मैंने कहा था कि, "डी.के.बासु की गाईडलाईन का इस्तेमाल करके DVR लूट से संबंधित FIR दर्ज करें" और यह कहा कि, 'अपनी पैंट के जेब में रखी फिनाईल इस जहरीला द्रव्य जैसे बदबू आनेवाली बोतल जेब से निकालकर मुँह को लगाकर द्रव्य पीने लगा था' यह बिल्कुल सही है क्योंकि मुझी मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था| भ्रष्टाचार के अहंकार में मुझे जीने नहीं दिया जाएगा पूर्व में भी कई अनशन किये जाने के बावजूद भ्रष्टाचारियों व गुंडों की आवाज ही सुनी जा रही थी, सबूतों के साथ दी गई मेरी शिकायतों पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही थी, उन शिकायतों में मैं यह भी हर बार कह रहा था कि, मुझे रोकने व डराने के लिये मेरे ऊपर झूठे गंभीर अपराध दर्ज कर दिये जायेंगे जो लगातार दर्ज करते जा रहे हैं अतः मैं समझ गया था कि, अगर मैं आज़ाद रहूँगा तो मुझ पर नये गंभीर अपराध लगाकर फिर से नये मामले दर्ज कर दिये जायेंगे, जो लगातार दर्ज करते जा रहे हैं अतः मैं समझ गया था कि, अगर मैं आज़ाद रहूँगा तो मुझ पर नये गंभीर अपराध लगाकर फिर से नये मामले दर्ज कर दिये जायेंगे इसलिये मैं चाहता था कि, मैं हमेशा सी.सी.टी.वी. कैमरे के सामने रहूँ जिससे HDIL के मालिक व गुंडे अगर मुझपर पर कोई गंभीर संज्ञेय अपराध दर्ज करना भी चाहें तो सी.सी.टी.वी. फुटेज में मैं लगातार मौजूद रहने की वजह से गंभीर अपराध के आरोप से बचा रहूँगा और मुझे DVR लूट की FIR भी दर्ज करवानी थी जो नहीं की जा रही थी और ना ही पुलिस अधिकारी FIR दर्ज करने के इच्छुक थे बल्कि साफ नजर आ रहा था कि, वे मुझे नये बड़े गंभीर मामले में फँसाने

की कोशिश करेंगे इसलिये मैंने तय कर लिया कि, 'ऐसी दयनीय स्थिती से मौत भली' इसलिये मैंने अपने साथ फिनायल की शीशी रखी हुई थी) अतः मैंने तय कर लिया कि अब मुझे अपनी कुर्बानी देनी होगी जिससे उन्नाव रेप कांड के समान मेरी मौत की सच्चाई भी मेरे मरने के बाद समाज के सामने हाईलाईट होगी और संपूर्ण मामले की उच्च स्तरीय जाँच होगी जिसमें मेरे द्वारा की गई सभी शिकायतों को पढ़ा व समझा जायेगा और सबूतों को सामने रखते हुये HDIL के मालिक व गुंडों के साथ-साथ प्रत्येक भ्रष्ट पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही होगी जिससे मेरे परिवार को तो कम से कम चैन से जी सकने का मौका मिल सकेगा इसलिये मैंने विषाक्त द्रव्य पीकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था| यह कहना कि, 'उस वक्त तुमको वहाँ मौजूद पुलिस अधिकारियों ने द्रव्य पीने से प्रतिबंध किया और इलाज के लिये सरकारी अस्पताल में भर्ती किया' हाँ यह सही है कि विषाक्त द्रव्य पीने के लिये मजबूर करने व मेरे द्वारा पीये जाने की वजह से मेरी हालत बिगड़ने लगी थी और इसी वजह से घबराकर उपस्थित पुलिस अधिकारियों ने मुझे सरकारी अस्पताल भर्जी करवाया| यह कहना कि, 'पुलिस तुम्हारे कहे अनुसार काम करे इसलिये दबावतंत्र के तौर पर फिनाईल जैसा जहरीला द्रव्य पीकर आत्महत्या करने की नौटंकी की' यह कहना बिल्कुल गलत है कि पुलिस मेरे दबाव में काम करे, मैं कानून का सम्मान करता हूँ और कानून तोड़ने से डरता हूँ और यही कारण है कि, जब भी कोई भी गैर-कानूनी गतिविधी या असामाजिक तत्वों द्वारा किये जा रहे गैर-संवैधानिक कार्यों को देखता हूँ तो तुरंत 100 पर फोन करके पुलिस को सूचित करता हूँ जिससे पुलिस खुद घटनास्थल पर पहुँचे और गलत करनेवालों के खिलाफ कार्यवाही करे इसकी सच्चाई को परखने के करने के लिये आप मेरे या मेरे परिवार द्वारा 100 पर किये गये कॉलों की रिकॉर्डिंग व शिकायतें देख सकते हैं जिससे साफ नजर आ जायेगा कि मैंने कभी कानून तोड़ने का प्रयास नहीं किया और ना ही पुलिस अधिकारियों या सरकारी अधिकारियों पर दबाव डालने का प्रयत्न नहीं किया| हाँ मैंने शिकायतें की हैं और सोशल मीडिया पर भी डाला है, उसके लिये आपके वह अधिकारी जिम्मेदार हैं जिन्हें मेरे द्वारा सबूतों के साथ दी गई शिकायतों पर कार्यवाही करने की जिम्मेदारी थी, जब वे

अधिकारी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाते हैं तो वरिष्ठ अधिकारियों तक आवाज़ पहुँचा कर उनके सामने पूरे मामले को लाने का प्रयत्न करता हूँ साथ ही मानव अधिकार के कल्याण में लगी सभी संस्थाओं, सदस्यों आदि के सामने सबूतों के साथ लाने का प्रयास करता हूँ इसे यदि दबाव डालना कहा जायेगा तो वे पुलिस अधिकारी मुझे खुद मजबूर कर रहे हैं इस तरह का दबाव डालने के लिये| अतः यह कहना कि मैं नौटंकी कर रहा हूँ बिल्कुल गलत है अगर अन्य जलकर या जहर पीकर आत्महत्या करनेवालों के समान मैं भी मर जाता तो शायद आप इसे नौटंकी नहीं कहते और इसके लिये आपको मुझे बचाने की जरूरत नहीं थी| हाँ यह सही है कि, 'बी.के.सी. पुलिस थाने में गु.र.क्र. 192/20 कलम 309 भा.द.वि. के तहत दर्ज किया गया है' अगर मेरे द्वारा सबूतों के साथ दी गई शिकायतों में से एक भी शिकायत झूठी या बनावटी(fabricated) हुई तो मैं हर सजा भुगतने के लिये तैयार हूँ| मुझे मजबूर किया गया कि मैं वह कदम उठाऊँ जिसे कोई भी इंसान उठाना नहीं चाहता मगर मैं अपने व अपने परिवार के इंसाफ के लिये वह सभी संवैधानिक कदम उठा चुका हूँ जो संविधान ने मुझे दिये हैं| अतः मुझे इंसाफ के लिये अपनी लड़ाई जारी रखनी पडेगी, मेरे ऊपर IPC 309 के तहत लगाये गये गंभीर संज्ञेय अपराध के असली अपराधी वे पुलिस अधिकारी हैं जिन्होंने मुझे मजबूर किया था विशाक्त पदार्थ पीने के लिये| डी.के.बासु की गाईडलाईन के नियमों का पालन करके मेरी पत्नि के द्वारा (दो महिलाओं व एक युवक को घायल करके DVR लूट) दी गई शिकायत की FIR दर्ज की जानी चाहिये थी जो ना करके जिम्मेदार पुलिस अधिकारी संवैधानिक नियमों की अवमानना कर रहे हैं साथ ही आत्महत्या के लिये मजबूर किये जाने के बाद विषाक्त द्रव्य पीने के मामले को नौटंकी कहा जा रहा है, यह भी अपने आप में शर्मनाक है| अतः इस मामले में असली दोषी जिम्मेदार पुलिस अधिकारी हैं|

4) गु.र.क्र. 69/20 कलम 420, 406, 34 भा.द.वि.

a. तुम व तुम्हारे साथियों ने पत्थरनगर, बिल्डिंग क्र. 1 बी व सी के रहिवासियों से कहा है कि तुम्हारी मनपा के अधिकारियों व बड़े-बड़े नेताओं से अच्छी पहचान है| तुमने राजनेताओं के साथ खींची हुई फोटो रहिवासियों को दिखाई और कहा कि, मनपा में कम खर्चे पर पानी का कनैक्शन दिलवा दूँ, ऐसा झूठा

आश्वासन देकर सभी का विश्वास जीता| फिर तुमने थोड़ा-थोड़ा करके कुल 4,60000/- रु. ले लिये| तुम और तुम्हारे साथीदारों ने पत्थरनगर परिसर में जाकर मनपा की पाईपलाईन से गैर-कानूनी तरीके लाईन जोड़ी और 4,60,000/- रु. ले लिये और फँसा दिया इसलिये तुम्हारे खिलाफ बी.के.सी. पुलिस थाने में गु.र.क्र. 69/20 कलम 420, 406, 34 भा.द.वि. दाखिल किया गया है|

समीक्षाः Housing Development and Infrastructure Limited (HDIL) के मालिक (राकेश वाधवान) और उसके हिस्ट्रीशीटर नामचीन पालतू गुंडे बदमाश व्यक्तियों के खिलाफ मेरी दी गई शिकायतों के अनुसार लाखों करोड़ का घोटाला गंभीर आपराधिक मामले में साबित तकनीकी सबूत व दस्तावेज देखने के बाद संबंधित आरोपियों को बचाने के लिए मनगढ़ंत कहानी के आधार पर साजिश के तहत यह FIR दर्ज की गई है। हमारे द्वारा सभी तथ्यों व सबूतों को शिकायतों के साथ दिया गया है जिसकी समीक्षा करके चार्जशीट तुरंत दाखिल की जा सकती है अगर हमारे खिलाफ एक भी सबूत मिलता है तो हम हर सजा भुगतने के लिये तैयार हैं|

5) **गु.र.क्र. 255/19 कलम 323, 324, 143, 144, 147, 148, 141 भा.द.वि. 37(1)(3) म.पो.का**

a. **शिकायतकर्ता मेहबूब नूरमौहम्मद चौहान द्वारा की गई शिकायत के अनुसार शिकायतकर्ता के साथ उसका भाई जमील शेख व अन्य सहयोगी, ये सभी SRA की नोटिस HDIL कंपनी की तरफ से पत्थरनगर, भारतनगर में बाँट रहे थे| उस समय तुम व तुम्हारे सहयोगियों ने असामाजिक तत्वों को जमाकर के "यह नोटिस नहीं बाँटना है" कहते हुये शिकायतकर्ता तथा उसके सहयोगियों के साथ गाली-गलौच व धक्कामुक्की की| उस समय शिकायतकर्ता ने तुमसे व तुम्हारे सहयोगियों से गाली गलौच करने से मना किया तो तुमने व तुम्हारे सहयोगियों ने उसे पकड़कर हाथों-पैरों से उसके साथ मारपीट की| तुम व तुम्हारे साथियों में से किसी ने शिकायतकर्ता के साथ मारपीट करते समय पीठ पर चाकु से प्रहार करके घायल कर दिया तथा तुम व तुम्हारे भाई नासिर मनिहार ने निर्माणाधीन ईमारत के साईट पर इस्तेमाल होने वाली लोहे की सरिया से मारपीट की इसलिये शिकायतकर्ता की शिकायत पर तुम और**

तुम्हारे सहयोगियों के खिलाफ बी.के.सी. पुलिस थाने में ऊपर लिखी धाराओं के तहत FIR दर्ज की गई है|

समीक्षाः Housing Development and Infrastructure Limited (HDIL) ने पत्थरनगर की लगभग सभी इमारतों का गैर-कानूनी तरीके से निर्माण किया है जिसकी वजह से इन सभी इमारतों को NOC नहीं हुआ है और यही कारण है कि, इन बिल्डिंगों में मनपा के द्वारा ना तो पानी का कनैक्शन दिया गया है और ना ही सीवर लाईन का कनैक्शन कानूनी रुप से जोड़ा गया है बल्कि गैर-कानूनी तरीके से मनपा के पाईपलाईन से कनैक्शन लेकर सभी बिल्डिंगों में पानी की सप्लाई की जाती है साथ ही गैर-कानूनी तरीके से ही बिल्डिंगों की सीवर लाईन की गंदगी नाले में खुले में मनपा के पानी के कनैक्शन के ऊपर छोड़ दी जाती है जिसकी वजह से गंदगी मनपा के पाईप लाईन में भी जाती है और रहिवासियों को गंदा पानी पीना पड़ता है जिससे बीमारियाँ फैलती हैं| इसी को ध्यान में रखते हुये कि, अगर HDIL कंपनी पूर्व में बनाई हुई बिल्डिंगों की कानूनी नियमानुसार खानापूर्ति करके NOC दिलाती है तो इस बिल्डर को आगे लगातार कार्य करने की इजाजत दी जानी चाहिए जिसके प्रति हम लोगों में जागरूकता लाते हैं और रहिवासियों को समझाते हैं कि, यह एक ब्लैक लिस्टिड बिल्डर के द्वारा बनाई गई इमारतें और यह भी साबित हो गया है कि, इस बिल्डर के द्वारा गैर-संवैधानिक कार्य किये जाने की वजह से 'पी.एम.सी. व येस बैंक' जैसों का 'दिवाला' निकल चुका है| 'पी.एम.सी. व येस बैंक' के खाताधारकों को आत्महत्या तक करनी पड़ी है और कुछ की मौत अटैक आने से हुई है जिसके जिम्मेदार HDIL है| ठीक उसी प्रकार इस क्षेत्र में भी गरीबों के घरों को HDIL के गुंडो द्वारा जबरदस्ती छीन कर या डर दिखाकर खाली करवाया गया है जिसकी जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता बाबु भाई व रफीक भाई व उनके साथ अन्य लोगों द्वारा जनता तक पहुँचाने का कार्य किया जाने लगा था, जनता जागरूक हो रही थी और इसी वजह एस HDIL कंपनी के नामचीन गुंडे सालिम कुरैशी (जो A.I.M.I.M. का लीडर है) व उनके गुंडे साथियों फिरोज बॉस, सुलेमान खैरानी, जलील पशु शेख उर्फ जलील मुल्ला, इरशाद खान, शेखर HDIL, अनवर खान आदि के द्वारा बाबु भाई का कत्ल कर दिया गय और पत्थरनगर व भारतनगर में दहशत फैलाई गई

जिससे आम नागरिकों में घबराहट थी| इसीलिये हम लोग ऐसी परिस्थिती में जागरुकता का काम करते हैं जिससे HDIL जैसी ब्लैक लिस्टिड कंपनी अपने नामचीन गुंडों का सहारा लेकर वापस सर्वे के नाम पर डराने व लोगों के घरों को छीनने का काम ना कर सके| सबूतों के रुप में प्रत्येक दस्तावेज़ मौजूद है कि किस प्रकार असली झोपड़ा मालिक का मकान छीनकर, अन्य को बेच दिया गया है| आज भी असली झोपड़ामालिक के नाम पर ही एस.आर.ए. के तहत मिलनेवाले कई फ्लैट रजिस्टर्ड हैं जिसमें नाम तो असली झोपड़ा मालिक है लेकिन रहनेवाले वे लोग हैं जिन्हें कम कीमत पर फ्लैट बेच दिए गये हैं और अब पानी व मैंटेनेंस के नाम पर पैसा तो लिया जाता है लेकिन जो पानी बिल्डिंग में रहनेवाले फ्लैटमालिकों को दिया जाता है वह गैर-कानूनी तरीके से प्राप्त किया जाता है| इसे रोकना हर भारतीय नागरिक की ड्यूटी है और उसी ड्यूटी के तहत अहिंसात्मक तरीके से हम पीड़ित व्यक्ति को हौसला देते हैं और समझाते हैं कि, भू-माफिया और उनके दलाल ठगों के बहकावे में मत आओ|

मेरे द्वारा एक सामाजिक कार्यकर्ता की हैसियत से गलत के खिलाफ आवाज़ उठाई गई थी जिसके परिणाम स्वरुप FIR No. 254/19 के आरोपियों ने हमला करके हम लोगों को घायल कर दिया था और हमारे ऊपर ही क्रॉस FIR कर दी थी जिसकी सच्चाई को सामने लाने के लिये घटनास्थल के पास मौजूद सी.सी.टी.वी. फुटेज सीज़ करने के लिये आवेदन दिये गये थे मगर सी.सी.टी.वी. फुटेज जब्त नहीं किये गये जिसकी वजह से जब अतिरिक्त पुलिस आयुक्त व पुलिस उपायुक्त आदि को शिकायतें भेजी गईं तब भी बी.के.सी पुलिस थाने द्वारा सी.सी.टी.वी. फुटेज सीज़ नहीं किया गया (सबूत मौजूद है)| आखिर काफी सामाजिक दबाव के बाद जाकर मामले को दबाने के लिये यह मामला बी.के.सी. पुलिस थाने से खेरवाड़ी पुलिस थाने ट्रांस्फर कर दिया गया जहाँ पर शुरु-शुरु में तो काम कर रहे हैं दिखाते हुये घटनास्थल के सी.सी.टी.वी. कैमरे का DVR जब्त किया गया मगर आजतक उसपर कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है अगर ईमानदारी से कार्यवाही की जायेगी तो सच्चाई सामने आयेगी| यह पुलिस अधिकारियों को पता है कि हम बेगुनाह है इसीलिये वे जानबूझकर सामने नहीं ला रहे बल्कि मामले को

लटकाये रखकर हमारे ऊपर दर्ज केसों की संख्या को बढ़ाने में लगे हुये हैं|

तुम्हारी गैर-कानूनी हरकतों को रोकने का प्रयास सरकारी अधिकारियों ने किया तो उन पर भी हमला करने का जुर्म भी तुम्हारे खिलाफ दर्ज किया गया है जो कि निम्न है|

6. **गु.र.क्र. 162/14 धारा 353, 332, 504, 506, 34 भा.द.वि. दर्ज जुर्म के बारे में जानकारी निम्न है**

   a. **दिनांक 20.08.2014 को 10ः00 बजे एम.एम.आर.डी.ए. के अधिकारी तुम्हारे निवासी परिसर चाल नं. 52 SF 3 व 4 इस सरकारी रिज़र्व जमीन पर फेंससिंग लगाने का काम कर रहे थे उस समय तुम और तुम्हारे साथियों ने उस जगह पर हंगामा करके, गाली-गलौच करके धमकाते हुये कहा कि, 'बेकार ट्यूबलाईटों को तोड़ कर खुद को जख्मी करके सरकारी कर्मचारियों पर दबाव बनाने का प्रयास किया| एम.एम.आर.डी.ए. के अधिकारियों व कर्मचारियों पर हमला किया उस समय वहाँ मौजूद पुलिसवालों ने तुम्हारे व तुम्हारे साथियों को समझाने का प्रयास किया तो तुम व तुम्हारे साथियों ने पुलिसवालों के साथ भी धक्का-मुक्की की, इस कारण तुम और तुम्हारे साथियों के खिलाफ बी.के.सी. पुलिस थाने में निम्नलिखित धाराओं में गुनाह दर्ज किया गया है**

   समीक्षाः मामला कोर्ट में लंबित है, "फॉरमोस्ट रियाल्टार" प्राइवेट लिमिटेड (ओमकार बिल्डर) डॉ बाबासाहेब अंबेडकर नगर भारत नगर बांद्रा पूर्व मुंबई 4000 51 झोपड़पट्टी पुनर्वास योजना की सीमा से बाहर forum Serendipity at BKC sale building के निर्माण के लिए cts नंबर 4207. (SF 4, SF 5) एमएमआरडीए की अनमोल भूमि जो सामाजिक सुविधाओं के लिए आरक्षित है और मीठी नदी में बहने वाले स्वाभाविक नाला पर ओमकार बिल्डर गैर कानूनी तरीके से खुलेआम अतिक्रमण करने का कार्यक्रम शुरु किया था। भारतीय नागरिक होने के नाते मेरे परिवार के सदस्य व अन्य लोगों ने तुरंत 100 नंबर पर सूचना देकर बी.के.सी. पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक को वर्क ऑर्डर की जांच पड़ताल करने के लिए लिखित रूप में आवेदन दिए थे| ओमकार बिल्डर के लिए लाखों करोड़ों की सरकारी संपत्ति हथियाने में कोई रुकावट ना हो सके इसलिए एम.एम.आर.डी.ए. व पुलिस के भ्रष्ट बेईमान अधिकारियों के जरिए यह फर्जी मामला दर्ज करके हमें फंसाया गया

था। यदि अभी भी इस मामले में **उचित जांच पड़ताल की जाए तो हम निर्दोष साबित होने के अलावा सरकार को लाखों करोड़ों रुपयों की संपत्ति का फायदा भी होगा। सारे सबूत मौजूद हैं|**

7. **गु.र.क्र. 278/16 धारा 333, 332, 353, 120(बी), 141, 142, 143, 144, 145, 146, 147, 148 मे दर्ज जुर्म की जानकारी निम्नलिखित है**

